सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## अष्टम् सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग–4

वृहस्पतिवार, तिथि 23 फाल्गुन, 1934 (श0) / 14 मार्च, 2013 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 132

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) नगर विकास एवं आवास विभाग | .. | .. | 38 |
| (2) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | 27 |
| (3) कृषि विभाग | .. | .. | 16 |
| (4) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | 08 |
| (5) खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | 07 |
| (6) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | 25 |
| (7) सहकारिता विभाग | .. | .. | 10 |
| (8) विधि (धार्मिक न्यास) विभाग | .. | .. | 01 |
| | कुल योग | .. | 132 |

कार्रवाई करना

'क'–* 1265. श्री कृष्ण कुमार ऋषि––हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 26 जनवरी, 2013 को प्रकाशित "कौड़ी के भाव लगी कृषि कॉलेज के पेड़ों की बोली" शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के भोला पासवान शास्त्री कृषि महाविद्यालय परिसर में आम, शीशम व सागवान के पेड़ों की नीलामी 13.40 लाख में कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पेड़ों की नीलामी के पूर्व ही एक समझौता पत्र तैयार हुआ था इस समझौता के आधार पर ही किसी को भी नीलामी में बोली नहीं लगाने दी गयी, जबकि इन पेड़ों की कीमत 30 से 40 लाख रुपये थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निलामी करने वाले पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अनुमति प्रदान करना

* 2412. श्रीमती गुलजार देवी––क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत नगर पंचायत, घोघरडीहा के कार्यपालक पदाधिकारी ने अपने पत्रांक 207, दिनांक 05 सितम्बर, 2009, पत्रांक 264, दिनांक 10 अक्टूबर, 2009 एवं पत्रांक 310, दिनांक 14 नवम्बर, 2009 द्वारा प्रधान सचिव, नगर विकास को पत्र लिखकर नगर पंचायत, घोघरडीहा में गो0 एक लाख रु0 तक की योजनाओं का कार्यान्वयन विभागीय स्तर से कराने हेतु अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया है, जिसका आदेश अप्राप्त है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त आशय की अनुमति प्रदान करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 2413. श्री अवधेश कुमार राय––दिनांक 10 अगस्त, 2012 को स्थानीय समाचार–पत्र "हिन्दुस्तान" में प्रकाशित "राज्य की 86 गौशालाओं में 32 में एक भी गाय नहीं" की ओर ध्यान देते हुए क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के कुल 86 गौशालाओ के करीब 3562.87 एकड जमीन में एक हजार एकड जमीन पर भी गौशाला का कब्जा नहीं है, अधिकांश जमीन भू–माफियाओं द्वारा कब्जा कर लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मात्र 25 गौशाला में कुछ गाय हैं, 32 में एक भी नहीं है तथा शेष में दो–चार गाय मात्र है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सभी गौशाला में गायों की संख्या में बढ़ोतरी एवं सही संचालन हेतु कौन–सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदाधिकारियों पर कार्रवाई

* 2414. श्री मंजीत कुमार सिंह––क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार भूमि विवाद निराकरण 2009 में जमीन संबंधित विवादों का निराकरण 90 दिनों के अन्दर कर देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज, छपरा, सीवान, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण में वित्तीय वर्ष 2010–11 एवं 2011–12 में लम्बित उक्त पाँचों जिलों में 300 मामले लम्बित हैं, जिसमें एक भी भूमि विवाद का निराकरण 90 दिनों के अन्दर नहीं किया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो समय–सीमा के अन्दर भूमि विवाद का निराकरण नहीं करने वाले दोषी पदाधिकारियों पर सरकार कौन–सी कार्रवाई करना चाहती है ?

---

नोट–'क'– सदन द्वारा दिनांक 5 मार्च, 2013 को पर्यावरण एवं वन विभाग से कृषि विभाग में स्थानान्तरित।

कार्रवाई करना

* 2415. श्री श्याम बिहारी राम---क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार जैविक खेती प्रोत्साहन कार्यक्रम जैसी महत्वाकांक्षी योजनान्तर्गत वर्मी कम्पोस्ट उत्पादकों को 50 प्रतिशत अनुदान देती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस महत्वाकांक्षी योजना के पारदर्शी व्यवस्था के तहत किसानों को क्रय के समय 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर वर्मी कम्पोस्ट उपलब्ध कराना चाहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 12 सितम्बर, 2012 के कार्यान्वयन अनुदेश के आलोक में पारदर्शी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

असुविधा दूर करना

* 2416. श्री मनोहर प्रसाद सिंह---क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मनिहारी गंगाघाट पर सामान्यतः और शिवरात्रि, सावन महीना, माघी पूर्णिमा, छठ नहान जैसे विशेष अवसरों पर भारी भीड़ हो जाया करती है और घाट पर सफाई, शौंचालय एवं औरत को कपड़ा बदलने का स्थान नहीं होने की कोई व्यवस्था नहीं रहने से स्नानार्थियों को अपार कष्ट एवं असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार इन असुविधाओं को दूर करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

ठीक करना

* 2417. श्री जवाहर प्रसाद---क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम नगर के बौलिया मोड़, धर्मशाला, कुराईच मंदिर, सतपाल स्कूल, जी0टी0 रोड एवं जिलाधिकारी आवास के पास स्थित हाईमास्क लाइट का रख-रखाव ठीक नहीं होने के कारण सभी खराब हो गए हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त हाई मास्क लाइट के खराब होने के कारण आम यात्रियों को अंधेरा में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर के हाईमास्क लाइट को ठीक कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उपलब्ध कराना

* 2418. श्री राम प्रवेश राय---क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला मुख्यालय में वर्ष 2005-06 से ही गोपालगंज जिला के किसी भी अंचल का मौजा अनुसार नक्शा उपलब्ध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिला मुख्यालय में जमीन का नक्शा नहीं मिलने के कारण पूरे जिले में जमीन के मापी कार्य में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गोपालगंज जिला मुख्यालय में मौजा अनुसार नक्शा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 2419. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी---क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला स्थित मुंगेर रजिस्ट्री कचहरी में विधिकगण का भाग-2 का भवन विगत 10 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने तथा बरसात के दिनों में छत से पानी चूने की वहज से अधिवक्ताओं को बैठने एवं कार्य के निष्पादन में दिक्कतें हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार विधिक संघ का भाग-2 के भवन की मरम्मती या निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

* 2420. श्रीमती रेणु देवी—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जिलों में आत्मा के गठन के पूर्व जन प्रतिनिधियों एवं कृषक भाईयों को तिथि, समय एवं स्थल की सूचना देना अनिवार्य है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला परियोजना उप–निदेशक प0 चम्पारण, बेतिया ने वित्तीय वर्ष दिनांक 13 फरवरी, 2013 को जिले में विहित प्रक्रिया को पूरा किये बगैर आत्मा का गठन कर दिया है, यदि हां, तो सरकार इसकी जाँच कराकर कौन–सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

पेयजल उपलब्ध कराना

* 2421. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखण्ड के तुलसीपुर ध्रुवगंज, गोढ खरीक, अठनिया, राघोपुर, बहत्तरा, नवादा, खैरपुर, काजी कोरैया, नरकटिया, उष्मानपुर, नगरा टोली, अठगामा, अल्लालपुर इत्यादि गाँवों में उपरी सतह के पानी मे आइरन पाई गई है ;

(2) यदि खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सभी गाँवों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जमीन वापस लेना

* 2422. श्री अरूण मांझी—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लीलावती श्रीवास्तव के नाम प्लॉट नं0 28, रकबा 4 कट्ठा 2 धूर खास महल जमीन पटना गया रोड तथा अम्बे देवी के नाम प्लॉट नं0 28, खास महल की जमीन वर्ष 18 अगस्त, 1967 में 30 वर्षों के लिए आवासीय प्रयोजन हेतु एक रु0 वार्षिक लगान के तहत जमीन की बंदोबस्ती किया गया था, जिसका लीज 1996 में समाप्त हो गया, परन्तु जमीन का अतिक्रमण कर सगुना हॉल के नाम से प्रतिदिन 20 हजार रु0 किराया पर चलाया जा रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर जमीन वापस लेने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि उपलब्ध कराना

* 2423. श्री सुबोध राय—क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा बाढ़ / सुखाड़ प्रभावित किसानों की फसलों की क्षति की स्थिति मे बीमित किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलों मे सुलतानगंज एवं शाहकुंड के बीमित किसानों की बड़े पैमाने पर बाढ़ / सुखाड़ से भदई एवं धान फसलों की क्षति के बावजूद अभीतक 2011–12 तथा 2012–13 की सहायता राशि प्राप्त नहीं हुई है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार यह बतलाने की कृपा करेगी कि कबतक किसानों को यह राशि उपलब्ध करा देगी ?

---

शवदाह गृह का निर्माण

* 2424. श्री दिनेश कुमार सिंह—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक अनुमण्डल में विद्युत ताप शवदाह गृह निर्माण करने हेतु 2009 मे ही निर्णय लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के जगदीशपुर, पीरो, आरा सहित राज्य के अधिकांश अनुमण्डल मुख्यालय

मे विद्युत शवदाह गृह का निर्माण नही किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अनुमंडलों मे विद्युत शवदाह गृह बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

---

सड़को का निर्माण

* 2425. श्री गोपालजी ठाकुर—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर नगर परिषद् क्षेत्र अन्तर्गत बलहा रामचन्द्र हजारी के घर के नजदीक से रेलवे स्टेशन बहेड़ा बालेश्वर स्थान से महावीर स्थान तक, बहेड़ा लाट साहेब के घर से कायस्थ टोली तक एवं घेरूख चौक पी0डब्लू0डी0 सड़क हनुमान मंदिर के नजदीक से घेरूख ग्राम होते हुए बलहा प्रधानमंत्री सड़क तक की सभी सड़के सघन आबादी से गुजरती है ;

(2) यदि खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो उपरोक्त सड़को का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि नही, तो क्यों ?

---

केन्द्र खोलना

* 2426. श्री जवाहर प्रसाद—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम विधान–सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखंड सासाराम एवं तिलौथू मे दूधशीतल केन्द्र नही रहने के कारण वहां के निवासियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर दूधशीतल केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिक्रमण से मुक्ति

* 2427. श्री अरूण कुमार सिन्हा—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र मे दिनांक 3 दिसम्बर, 2012 के अंक में प्रकाशित "वाहनों के बोझ से सिकुड़ रही राजधानी की सड़के" शीर्षक को ध्यान मे रखकर क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पिछले पाँच वर्षों मे पटना मे वाहनों की संख्या तीन गुनी हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राजधानी के महत्वपूर्ण बडी सड़कों के किनारे पिछले पाँच वर्षों से अतिक्रमण कर गाड़ी पार्किंग करने, फुटकर व्यापारियों द्वारा बाजार लगाने तथा गाड़ियों की संख्या में भारी बढ़ोतरी होने से सड़कों पर परिचालन की रफ्तार धीमी हो गयी है और पीक आँवर मे ट्रैफिक जाम रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना के प्रमुख बड़ी सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भण्डार गृह का निर्माण

* 2428. श्री भोला राय—क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा राज्य के सभी पंचायतो मे प्रा0 कृषि साख़ सहयोग समिति की स्थापना की है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थापित समितियों के अध्यक्षों/सदस्यों का चुनाव वर्ष 2009 मे हो चुका है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उन नवसृजित समितियों के लिए कार्यालय–सह–भण्डार गृह का निर्माण कार्य अबतक प्रारम्भ नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार नवसृजित समिति हेतु कार्यालय–सह–भण्डार गृह (गोदाम) निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

प्रयोगशाला खोलना

*2429. श्री कृष्णनन्दन पासवान––क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि एवं तुरकौलिया प्रखंड में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला नहीं है, जिससे कृषकों को मिट्टी जाँच में काफी परेशानी होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों प्रखंड कृषि प्रधान प्रखंड है एवं बडे पैमाने पर कृषि कार्य होते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में किसानों के हित में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला खोलने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नियुक्त करना

*2430. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह––क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य भण्डार निगम में प्रबंध निदेशक के पद पर बिहार प्रशासनिक सेवा के विशेष सचिव स्तर के पदाधिकारियों को नियुक्त करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में अगस्त, 2012 से भारतीय दूरसंचार सेवा के पदाधिकारी को उक्त निगम का प्रबंध निदेशक बना दिया गया है जो सरकार के नियम विरुद्ध है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पद पर बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी को ही प्रबंध निदेशक नियुक्त करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उपलब्ध कराना

*2431. श्री अवनीश कुमार सिंह––दिनांक 8 फरवरी, 2013 को हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में प्रकाशित शीर्षक "1475 पैक्स में नहीं खुले धान क्रय केन्द्र" के आलोक में क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि कुल 8463 पैक्सों में से 1475 पैक्सों के अन्तर्गत धान क्रय केन्द्र नहीं खोला गया है जिसके कारण किसानों को बिचौलियों के हाथों औने–पौने दामों में धान बेचना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कुल 8463 पैक्सों में से मात्र 492 पैक्सों के पास ही नमी मापक यंत्र हैं जिसके कारण किसानों का दोहन हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी पैक्सों के अंतर्गत धान क्रय केन्द्र खुलवाने एवं सभी केन्द्रों पर नमी मापक यंत्र उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पेयजल की आपूर्ति

*2432. श्री इन्द्र देव मांझी––क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के अनिसाबाद स्थित पुलिस कॉलोनी में विगत पाँच वर्ष पुराना नाला का निर्माण एवं शुद्ध पेयजल की आपूर्ति का कार्य प्रारम्भ किया गया, जो अबतक अपूर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नाला के निर्माण एवं शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं होने के कारण पुलिस कॉलोनी में जल–जमाव बना रहता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक नाला का निर्माण एवं पेयजल की आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नामांतरण करना

*2433. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार––क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य आवास बोर्ड के द्वारा आवास आवंटियों को नामांतरण सुविधा प्रदान किया जाता है, यदि हां, तो बिहार राज्य आवास बोर्ड ने वर्ष 2009 से 2013 तक आवास आवंटियों से नामांतरण कितना हुआ है ?

शीघ्र चालू कराना

*2434. श्री सुरेश चंचल—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंडान्तर्गत सरमस्तपुर एवं मुरौल, प्रखंडान्तर्गत मीरापुर स्थित ग्रामीण जलापूर्ति योजना बन्द पड़ा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बन्द पड़े ग्रामीण जलापूर्ति योजना को शीघ्र चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्राप्त कराना

*2435. श्रीमती सुजाता देवी—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर अंचल के राजस्व ग्राम परसा बहुअरवा की चकबन्दी की सम्पुष्टि वर्ष 1980 में ही प्राप्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चकबन्दी की सम्पुष्टि के आलोक में सभी किसान अपने-अपने चक दखल कर रहे हैं, परन्तु चकबन्दी का फाइनल नक्शा किसानों को प्राप्त नहीं होने पर किसानों में आपसी तनाव रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक चकबंदी का फाइनल नक्शा किसानों को प्राप्त कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2436. श्री श्यामदेव पासवान—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंचल लदनियां के पंचायत एकहरी, सोहरबा में वर्ष 2010–12 में महादलितों के लिए जो भूमि क्रय किया गया है, उसमें हल्का कर्मचारी, अंचल अमीन एवं शाखा प्रधान प्रभारी के गलत प्रतिवेदन के कारण सरकारी जमीन क्रय करने से सरकार को 5 लाख रुपये का राजस्व क्षति हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु भूमि सुधार उप-समाहर्ता जयनगर द्वारा जिला भूमि उप-समाहर्ता, मधुबनी को सितम्बर, 2012 में ही जाँच प्रतिवेदन दे दिया गया है, यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अनियमित कार्य करनेवाले कर्मियों को स्थानान्तरण करते हुए कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना बनाना

*2437. श्री प्रेमरंजन पटेल—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने सभी प्रखंड मुख्यालयों में जलमीनार के साथ जलापूर्ति योजना निर्माण करने का निर्णय वर्ष 2005–06 में लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिलान्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड मुख्यालय में जलमीनार, चानन प्रखंड मुख्यालय में जलापूर्ति योजना के तहत निर्माण नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सूर्यगढ़ा प्रखंड मुख्यालय में जलमीनार तथा चानन प्रखंड मुख्यालय में जलापूर्ति योजना बनाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

गोदामों का निर्माण

*2438. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह - क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कृषि रोड मैप योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2012-13 में बिहार राज्य भंडार निगम को 368 करोड़ रुपये गोदाम बनाने के लिए दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य भंडार निगम के प्रबंधन द्वारा अबतक निविदा संबंधी कार्रवाई भी पूर्ण नहीं की जा सकी है; जबकि हजारों टन अनाज गोदाम के अभाव में सड़ रहे हैं;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषियों पर कार्रवाई करते हुये गोदामों का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

घोषित करना

*2439. श्री नरेन्द्र कुमार नीरज- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नवगछिया नगर की आबादी वर्ष 2002 में लगभग 42,000 होने के कारण नगर पंचायत घोषित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार नवगछिया नगर पंचायत की आबादी अब लगभग 50,000 से ऊपर हो गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवगछिया नगर पंचायत को नगर परिषद घोषित करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अंकुश लगाना

*2440. श्री राजेश सिंह - स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 20 फरवरी, 2013 को प्रकाशित ''कुत्ते ने 13 को काटा निगम रहा मौन'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर के आवारा कुत्ते ने 13 आम जनता को काट लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि नगर निगम की पूर्व योजना कुत्ते को मारना, कुत्ते को पकड़ने की योजना सहित अन्य योजनाओं को लागू नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नगर निगम की वर्णित योजनाओं को लागू कर शहर में आवारा कुत्ते पर अंकुश लगाने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

व्यवस्था कराना

*2441. श्रीमती मुन्नी देवी- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर अंचल के चकबन्दी पदाधिकारी कार्यालय के अभाव में शाहपुर के बजाय अंचल बिहियाँ में कार्यालय चलाते हैं, जिससे अंचल शाहपुर के किसानों को काफी परेशानी होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अंचल शाहपुर में चकबन्दी कार्यालय भवन स्थापित कर शाहपुर अंचल मुख्यालय में चकबन्दी पदाधिकारी के कार्यालय की व्यवस्था करने का विचार रखती है ?

---

राशि उपलब्ध नहीं कराने का औचित्य

*2442. श्री ललित कुमार यादव - क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल परिसर के टी०बी०डी०सी० से कमला नदी, छपरा घाट तक शहरी जल निकासी हेतु नाला का निर्माण कार्य रसलपुर कला मौजा के भू-धारियों को मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किये जाने के कारण कार्य बाधित है;

(2) क्या यह बात सही है कि रसलपुर कला मौजा का भू-अर्जन से संबंधित प्राक्कलन प्रमण्डलीय आयुक्त, दरभंगा द्वारा स्वीकृत तथा मुआवजा राशि की माँग कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमण्डल के दरभंगा के पत्रांक 478, दिनांक 10 सितम्बर, 2012 द्वारा नगर आयुक्त, दरभंगा नगर निगम, दरभंगा से की गई है, लेकिन आजतक राशि उपलब्ध नहीं कराये जाने का क्या औचित्य है ?

पानी टंकी लगाना

*2443. श्री रमेश ऋषिदेव - क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखण्ड प्रखण्ड, ग्राम गोपालपुर में पानी टंकी नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गोपालपुर में पानी टंकी लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण कराना

ख-*2444. श्री प्रदीप कुमार - क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखण्ड मुख्यालय में धान का क्रय केन्द्र में गोदाम नहीं रहने से धान की खरीद बहुत ही धीमी गति से हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि पकरीबरावाँ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित गोदाम निर्माण का दीवार तक कार्य हो चुकी है, परन्तु छत नहीं, हो पायी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पकरीबरावाँ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित अर्द्धनिर्मित गोदाम का निर्माण कार्य पूर्ण करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पेयजल की व्यवस्था

*2445. श्री अरूण शंकर प्रसाद - क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि एक करोड़ की लागत से मधुबनी जिला के बासोपट्टी प्रखण्ड अन्तर्गत बासोपट्टी पश्चिमी पंचायत में ग्रामीण जलापूर्ति योजना विगत तीन वर्ष पूर्व सम्पन्न कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग द्वारा बासोपट्टी मुख्य सड़क के पश्चिम तरफ नाला निर्माण के क्रम में जलापूर्ति के लिए बिछाये गये मुख्य पाइप लाइन को 500 मीटर से अधिक की लम्बाई में क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिससे एक करोड़ से अधिक की योजना बर्बाद हो गई है;

(3) क्या यह बात सही है कि पाइप लाइन क्षतिग्रस्त और बेकार होने से पूरे बासोपट्टी बाजार के पश्चिम हिस्से में पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया है;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पेयजल का वैकल्पिक व्यवस्था शीघ्र कराने का विचार रखती है ?

उपलब्ध कराना

*2446. श्री रामदेव महतो - क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के पण्डौल प्रखण्ड में भवानीपुर एवं कमलपुर तथा रहिका प्रखण्ड में मच्छी गाँव में मिनी जल आपूर्ति योजना के तहत बोरिंग एक वर्ष पूर्व गाड़ा गया;

(2) क्या यह बात सही है कि एक भी बोरिंग चालू नहीं हो सका;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त बोरिंग को कबतक चालू कराकर पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

नोट--'ख'-सहकारिता विभाग के ज्ञापांक 1180, दिनांक 6 मार्च, 2013 द्वारा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में स्थानान्तरित।

पदस्थापना करना

*2447. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल, मधुबनी में सहायक अभियंता के कुल 4 सृजित पदों के विरुद्ध दो, 10 कनीय अभियंता के विरुद्ध 3, 4 लेखालिपिक के विरुद्ध 2, तथा 21 वर्कसरकार के स्वीकृत पदों के विरुद्ध मात्र 3 कार्यरत हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार मधुबनी प्रमंडल में रिक्त पदों पर अभियंताओं एवं कर्मियों की पदस्थापना करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कम्प्यूटराइजेशन करना

*2448. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के राजस्व विभाग ने राजस्व गांवों के भू-अभिलेखों को कम्प्यूटरीकरण करने का निर्णय लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत संसाधनों को कमी एवं भू-अभिलेखों के अभाव के कारण 493 (चार सौ तिरानबे) राजस्व गांवों में से 272 गांवों का डाटा इंट्री कार्य लम्बित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लखीसराय जिलान्तर्गत सभी अंचलों के भू-अभिलेखों का कम्प्यूटराइजेशन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

क्वार्टर बनाना

*2449. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर का अंचल कार्यालय जीर्ण-शीर्ण मकान में अवस्थित है, कार्यालय को अपना भवन नहीं है, पदाधिकारी क्वार्टर जीर्ण-शीर्ण है तथा स्टाफ क्वार्टर नहीं रहने से कार्यालीय कार्य तथा पदाधिकारी कर्मचारी को वहां रहने में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में अंचल कार्यालय भवन पदाधिकारी कर्मचारी क्वार्टर बनाने का विचार रखती है हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि उपलब्ध कराना

*2450. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत नगरपंचायत घोघरडीहा के कार्यपालक पदाधिकारी ने अपने पत्रांक 184, दिनांक 21 जून, 2009, 226, दिनांक 12 जुलाई, 2008, 280, दिनांक 10 अगस्त, 2009, 342, दिनांक 1 फरवरी, 2008, 366, दिनांक 16 दिसम्बर, 2008, 78, दिनांक 2 मार्च, 2009, 147, दिनांक 23 जून, 2009, 248, दिनांक 8 अक्टूबर, 2009 एवं पत्रांक 330, दिनांक 5 दिसम्बर, 2009 द्वारा प्रधान सचिव, नगर विकास को पत्र लिखकर वर्ष 2008-09 से वर्ष 2009-10 तक का मैचिंग ग्रांट की राशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया है जो अद्यतन अप्राप्त है, जिससे नगर पंचायत को उक्त कार्य में कठिनाई हो रही है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त नगर पंचायत को उक्त मद में राशि उपलब्ध कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नक्शा उपलब्ध कराना

*2451. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर एवं वजीरगंज प्रखंड के सभी ग्रामों का नक्शा अनुपलब्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि नक्शा नहीं रहने के कारण जमीन की नापी में परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मानपुर एवं वजीरगंज प्रखंडों में सभी ग्रामों का नक्शा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

धोबी घाट का निर्माण

*2452. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत मुंगेर सदर निगम अन्तर्गत कहीं भी धोबी घाट नहीं रहने से धोबियों को कपड़ा आदि धोने में असुविधा हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के अन्दर जो तलाब है उसमें पानी सुख जाने के कारण धोबियों को कपड़ा धोने में असुविधा हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त स्थान पर नये धोबी घाट के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि का वितरण

*2453. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के सभी प्रखंडों में डिजल अनुदान राशि का वितरण वर्ष 2011-12 का 500 किसानों का काफी संख्या में लम्बित रहने के कारण किसानों में आक्रोश व्याप्त है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जिले के सभी प्रखंडों में शेष किसानों को शीघ्र अनुदान राशि का वितरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2454. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्रांक 856, दिनांक 21 फरवरी, 2008 द्वारा सभी माननीय विधायकों के अनुशंसा पर नगर पंचायत के प्रत्येक वार्ड में दो-दो चापाकल गाड़ने का आदेश निर्गत है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता के पत्रांक 260/08, दिनांक 30 अप्रील, 2008 द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत शाहपुर (जिला भोजपुर) का प्रत्येक वार्ड में दो-दो चापाकल गाड़ने की स्थल सूची उपलब्ध कराने के बाद आजतक चापाकल नहीं गाड़ा गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा दिनांक 31 अक्टूबर, 2012 को पटना में विभागीय समीक्षा बैठक में भी इस मुद्दा को उठाने के बाद प्रगति शून्य है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आदेश की अवहेलना करने वाले पदाधिकारी पर सरकार कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

वितरण करना

*2455. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बेलसंड एवं परसौनी प्रखंड में बी०पी०एल० एवं अन्त्योदय योजना के लाभुकों के बीच अनाज का वितरण विगत सितम्बर, 2012 से जनवरी, 2013 तक नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि इन दोनों प्रखंडों में डीलरों द्वारा अनाज उठाव हेतु 1 करोड़ 70 लाख रुपया का ड्राफ्ट अगस्त, 2012 में ही जमा करने के बावजूद भी अभीतक अनाज उठाव हेतु एस०एफ०सी० कार्यालय, सीतामढ़ी द्वारा आदेश नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लाभुकों के बीच अनाज वितरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2456. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिले के मढ़ौरा और नगरा प्रखण्डों में ग्रामीण जलापूर्ति की सुविधा नहीं है जिससे नागरिकों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मढ़ौरा और नगरा प्रखण्डों में ग्रामीण जलापूर्ति की सुविधा प्रदान करने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

रास्ता देना

*2457. श्री अरूण मांझी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1920 से चालीस अनुसूचित जाति डोम परिवार अम्बेदकर बस्ती (मुर्गी बाजार) एक्जीविशन रोड, पटना में रहते आ रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उन लोगों का नाम जमीन बन्दोबस्ती नहीं करने से हथुआ महाराज एवं मौर्या होटल के मालिकों द्वारा रह रहे अनुसूचित जाति के परिवारों द्वारा रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जमीन को अनुसूचित जाति के लोगों के नाम करने तथा रास्ता देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आपूर्ति करना

*2458. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सोनवर्षा प्रखण्ड में वर्ष 2009-10 में जलमीनार का निर्माण हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलमीनार से आपूर्ति अभी नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो जनहित में सरकार कबतक उक्त जलमीनार से उक्त प्रखण्ड के लोगों को शुद्ध जल पीने के लिए आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सफाई कराना

*2459. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत दरभंगा नगर निगम में ए०टू०जेड० कम्पनी के काम बन्द कर देने के कारण दरभंगा टावर, लहेरियासराय टावर, सुभाष चौक, गुदरी बाजार में ए०टू०जेड० द्वारा कचरा का उठाव 9 माह से बन्द कर दिया गया है, जिससे उक्त स्थानों की नारकीय स्थिति है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार इन स्थानों की सफाई कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

समुचित कार्रवाई करना

*2460. श्री संजय सिंह टाईगर--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 7 दिसम्बर, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''जरूरत यूरिया की, भेजा डी०ए०पी०'' को ध्यान में रखते हुए'' क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में यूरिया का आवंटन 469720 टन के बदले 372010 टन की आपूर्ति तथा डी०ए०पी० का आवंटन 233750 टन के बदले 257400 टन की आपूर्ति हुई है, परन्तु उक्त आवंटन से विभागों को पर्याप्त माल खपत नहीं किया जाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार किसानों के हित में यूरिया की समुचित आपूर्ति हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है ?

जीर्णोद्धार कराना

*2461. श्री जाकिर हुसैन खान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिले के अररिया नगर परिषद् बस स्टैण्ड के निकट अम्बेदकर प्रतिमा है एवं जिसका पार्क की स्थिति लगभग 5 वर्षों से अत्यन्त ही खराब है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पार्क का जीर्णोद्धार कराते हुये सौन्दर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---------

जीर्णोद्धार करना

*2462. श्री जय कुमार सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 28 जनवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक ''अंचल कार्यालयों पर कब होगी नजरें इनायत'' के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम के मूल राजधानी कंकड़बाग, पटना सिटी एवं पटना बांकीपुर चारों अंचल कार्यालय जर्जर एवं पुराना हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम की बैठक में इन भवनों का जीर्णोद्धार के साथ-साथ आधुनिक सुविधा बैठने से लेकर संचार के साधनों से युक्त करने का फैसला लिया था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन चारों अंचल के भवन मरम्मती या जीर्णोद्धार करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक ?

----------

विस्तारित करना

*2463. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार-क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में कुल 2037 पशु चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैं जिसमें से वर्तमान में 1325 पद रिक्त हैं, जिस कारण पशुओं का ससमय चिकित्सा नहीं हो पा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि जनवरी, 10 में संविदा पर नियुक्त 445 पशु चिकित्सकों की सेवा 31 जनवरी, 2013 को समाप्त कर दी गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त 445 पशु चिकित्सकों की सेवा राज्यहित में विस्तारित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

केन्द्र खोलना

*2464. डॉ० इजहार अहमद--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमंडल कार्यालय के बगल में कृषि विभाग की लगभग 100 एकड़ ज़मीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिरौल अनुमण्डल में किसानों के लिए बीज परीक्षण केन्द्र नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक बिरौल अनुमण्डल में बीज परीक्षण केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

राशि का भुगतान

*2465. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक बथानी प्रखण्ड स्थित सिमरौर गाँव के राजेन्द्र प्रसाद, बरैनी गाँव के केदार प्रसाद, नवलेश प्रसाद तथा पंचनवां गाँव के सुबोध कुमार ने क्रमशः 50, 40, 70, 100 क्वींटल धान 9 अप्रील, 2012 को अंचलाधिकारी, बथानी के आदेश से बिक्री हेतु भारतीय खाद्य निगम में जमा किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि आजतक किसानों को धान की कीमत का भुगतान नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार किसानों के बकाये राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक ?

समायोजित करना

*2466. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडेरेशन का दिनांक 27 अगस्त, 2012 को विघटन कर परिसमापन करने के पश्चात फेडेरेशन के कुल 64 स्थायी एवं 7 संविदा पर कार्यरत कर्मी बेरोजगार हो गये हैं, यदि हां, तो सरकार कबतक फेडेरेशन के इन बेरोजगार हुए कर्मियों को सरकारी सेवा में समायोजित करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

राशि का खर्च

*2467. श्री नितिन नवीन--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 25 जुलाई, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''दो फॉगिंग मशीनों के भरोसे 16 लाख की आबादी'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 16 लाख की आबादी वाले पटना नगर निगम क्षेत्र के लिये मात्र दो फॉगिंग मशीन उपलब्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2011-12 में 15 लाख रुपये और 2012-13 में फॉगिंग मशीनों के क्रय के लिये 20 लाख रुपये का वित्तीय प्रावधान किया गया था, परन्तु आजतक एक भी फॉगिंग मशीन की खरीददारी नहीं हुयी है और राजधानीवासियों को मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है;

(3) यदि उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह सुनिश्चित करना चाहेगी कि वित्तीय वर्ष 2011-12 और 2012-13 में फॉगिंग मशीन की खरीद के लिये आवंटित पूरी राशि का खर्च इसी वित्तीय वर्ष में कर लिया जायेगा, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

व्यवस्था करना

*2468. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया नगर परिषद् अन्तर्गत राजेन्द्र चौक, बखरी बस स्टैण्ड और मालगोदाम रोड पर हाई मॉस्क लाइट वित्तीय वर्ष 2007-08 में जिला विकास योजना से 19,81,800 रुपये की लागत से बेलकॉन सिस्टम प्रा0लि0 4ए, चौथा तल्ला, श्रीगोपाल कॉम्पलेक्स, रांची द्वारा लगाया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि निर्माण की शुरूआती दिनों से गुणवत्ता के अभाव में लाइट सुचारू रूप से नहीं जल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गुणवत्ता की जाँच एवं हाई मास्क लाइट को सुचारू ढंग से जलाने की कौन सी व्यवस्था करना चहती है ?

कब्जा दिलाना

*2469. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 फरवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक ''लाल कार्ड की भूमि पर दबंगों का कब्जा'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत बनमनखी अनुमंडल में पर्चा के माध्यम से दी गयी भूमि पर पर्चाधारियों को अभीतक कब्जा नहीं मिला है जबकि वितरित भूमि की जमाबंदी पर्चाधारियों के नाम से है और लगान रसीद भी उन्हीं के नाम से कटता है;

(2) क्या यह बात सही है कि संदर्भित समाचार कतरन में महादलित परिवार के जिन बीस पर्चाधारियों की चर्चा है उन्हें अभीतक आवंटित भूमि पर कब्जा नहीं मिला है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उन बीस महादलित परिवारों को एक समय-सीमा के अन्दर जमीन पर कब्जा दिलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दुकान का आवंटन

*2470. श्री अमरनाथ गामी–क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत दरभंगा शहर के हसन चौक में दुकान आवंटित करने हेतु श्री मदन कुमार गामी, श्री पवन कनोडिया सहित 12 लोगों द्वारा 5000 रू0 अग्रिम के रूप में वर्ष 1995 में ही तत्कालीन नगरपालिका, दरभंगा में जमा किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक उन लोगों को दुकान का आवंटन नहीं किया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उनलोगों को कबतक दुकान का आवंटन करना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

उठाव कराने का विचार

*2471. डॉ0 अच्युतानन्द–दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 13 नवम्बर, 2012 के अंक छपी खबर के आलोक में क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा राज्य में बी0पी0एल0 परिवारों के लिए आवंटित गेहूँ और चावल का मात्र 70 प्रतिशत ही उठाव करती है और कभी कभी यह उठाव मात्र 40 प्रतिशत ही रहता है;

(2) क्या यह बात सही है कि आवंटित राशन का शत्-प्रतिशत उठाव नहीं होने के कारण राज्य के बी0पी0एल0 परिवारों को समय पर अनुदानित दर पर खाद्यान्न का वितरण नहीं होता है, जिससे उनके समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाती है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आवंटित खाद्यान्न का शत्-प्रतिशत उठाव नहीं करने के लिए दोषियों पर कार्रवाई करते हुए खाद्यान्नों का शत्-प्रतिशत उठाव कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

दोषियों पर कार्रवाई

*2472. श्री राजेश्वर राज–क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत वर्ष 2012-13 में विक्रमगंज नगर पंचायत के वार्ड नं0 05, पटेल उत्सव भवन से रामरहस्य चौधरी, शिवनंदन गुप्ता, रामविलास सिंह के घर होते हुए विक्रमगंज सासाराम मुख्य पथ तक पी0सी0सी0 एवं काव नदी के किनारे काशीघाट का निर्माण सहित जिला अन्य दर्जनों योजनाएँ बिना निविदा आमंत्रित किये ही संबंधित पदाधिकारियों द्वारा कार्य कराये जाने से सरकारी प्रावधान का उल्लंघन हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

लक्ष्य की प्राप्ति

*2473. श्री अवनीश कुमार सिंह–क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नेशनल रूरल ड्रिंकिंग वाटर प्रोग्राम के तहत स्वच्छ एवं सुरक्षित पेय जल हेतु राज्य को वर्ष 2008-09 में 39956, 2009-10 में 40508, 2010-11 में 18749 एवं 2011-12 में 15810 कर लक्ष्य दिया गया जिसके विरुद्ध क्रमश: 2008-09 में 25785, 2009-10 में 26622, 2010-11 में 14221 एवं 2011-12 में 1259 की ही प्राप्ति हो सकी, यदि हां, तो लक्ष्य प्राप्ति में पिछड़ने के कौन-से कारण हैं और कबतक सरकार लक्ष्य प्राप्त कर लेगी ?

अनाज मुहैया कराना

*2474. श्री वीरेन्द्र सिंह–क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अन्त्योदय योजना एवं अन्नपूर्णा योजना के चयनित बी0पी0एल0 परिवारों को अनाज आपूर्ति करने के लिए सरकार कृतसंकल्पित है;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर एवं वजीरगंज प्रखंड में विगत छ: माह से चयनित लाभार्थियों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रत्येक माह चयनित लाभार्थियों को अन्त्योदय एवं अन्नपूर्णा योजना के तहत अनाज मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

*2475. श्रीमती पुनम देवी यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला में माप-तौल निरीक्षक का पद विगत 5 वर्षों से रिक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ माप-तौल निरीक्षक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अधिग्रहित कराना

*2476. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत झिटकहिया पंचायत के झिटकहिया ग्राम में श्री जटाधारी साह के घर के बगल से झिटकहिया गाँव के अन्दर जानेवाली पगडंडी सड़क के माध्यम से महादलित टोला, अल्पसंख्यक टोला, साव टोला, मल्लाह टोला आदि लगभग 4000 की आबादी सड़क रैयती जमीन से गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) के बसावट टोलों का मूल सड़क तिलावें नदी के कटाव से समाप्त होने के कारण रैयती जमीन के पगडंडी सड़क से लोग पिछले 30 वर्षों से आते-जाते हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रैयती जमीन को सड़क के रूप में अधिग्रहित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*2477. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत एन०एच० 110 अम्बेदकर चौक, बिहारशरीफ से अस्थल पथ के अम्बेडकर चौक से मघड़ा उच्च विद्यालय तक पथ के दोनों तरफ घनी आबादी आवासित है एवं घरों का नाला नहीं होने के कारण गन्दा पानी सड़कों पर गिर रहा है और सड़क क्षतिग्रस्त हो रहा है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति कराना

*2478. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखण्ड के उच्च विद्यालय, परौना, डेवढ़ी, नेपाल सिंह उच्च विद्यालय, गवन्दी, पचभिण्डा, शीतलपुर, चैनपुर, पोखरेड़ा बेसिक स्कूल नारायणपुर पोखड़ा, सरेयावसंत गाँवों में शुद्ध जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जलापूर्ति कराने का विचार रखती है ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*2479. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कस्बा नगर पंचायत में मदरसा रोड से हज्जन के घर से दक्षिण महादलित टोला होते हुए महावीर चौक से ठाकुरवाड़ी तक पक्की सड़क नहीं रहने से आवागमन में असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मुहैया कराना

*2480. श्री संतोष कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत डगरूआ प्रखण्ड के हरखेली पंचायत के लाल बालु गाँव एवं रामपुर पंचायत के कोचौली गाँव मे चापाकलों से दूषित जल आता है, जिससे वहाँ पेयजल संकट व्याप्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार शुद्ध जल मुहैया कराने का विचार रखती है ?

--------

गोदाम बनाना

*2481. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के राज्य योजना में सभी प्रखण्डों में 10 लाख रु० की लागत से 200 एम०टी० का गोदाम अन्न भंडारण के लिये बनाने का निर्णय सरकार द्वारा 2012 में लिया गया है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पूर्वी चम्पारण के सभी प्रखंडों में अन्न भंडारण के लिये गोदाम बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

सहुलियत प्रदान कराना

*2482. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला से सम्बन्धित राजस्व अभिलेखों को दरभंगा जिला अभिलेखागार से मंगाकर समस्तीपुर अभिलेखागार में सुरक्षित संग्रह कराने का निर्णय वर्ष 2000 में सरकार द्वारा लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा अभिलेखागार से पुराने राजस्व अभिलेखों की तलाशी एवं सच्ची प्रतिलिपि प्राप्त करने में कई तरह की असुविधा और कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार समस्तीपुर से सम्बन्धित राजस्व अभिलेखों को यथाशीघ्र दरभंगा से समस्तीपुर में स्थानान्तरण के साथ सुरक्षित कर यहाँ के लोगों को सहुलियत प्रदान कराना चाहती है ?

--------

सुनिश्चित कराना

*2483. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के अस्थावाँ विधान-सभा क्षेत्र के बिन्द प्रखण्ड मुख्यालय सरमेरा प्रखंड मुख्यालय, कतरी सराय प्रखंड मुख्यालय में वर्ष 2007 में ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना की स्वीकृति मिली थी जिसे वर्ष 2008-09 में तैयार कर जलापूर्ति करना था, परन्तु आजतक ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस कार्य में विलंब करने वाले संबंधित सम्वेदक एवं पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए कबतक आम जनता को जलापूर्ति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

जलापूर्ति की व्यवस्था

*2484. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर प्रखण्ड के धनौती, रसौली, उच्च विद्यालय कोंध-भगवानपुर बसहीया, चकिया, सतजोड़ा, बलौड़ एवं बगडीहा तथा मोरिया गाँवों में शुद्ध जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जलापूर्ति की व्यवस्था कराने का विचार रखती है ?

---

निर्माण कराना

*2485. श्री वैद्यनाथ सहनी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत ताजपुर एवं पटोरी प्रखण्ड में पानी टंकी का निर्माण कराने संबंधित प्राक्कलन विभाग में वर्ष 2010 से लम्बित है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित प्रखण्डों में प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पानी टंकी का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

भूमि का अधिग्रहण

*2486. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के परवलपुर प्रखण्ड में प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय हेतु 30 एकड़ भूमि अधिग्रहण करने से संबंधित प्रस्ताव नालन्दा जिले से जिला भू-अर्जन के पत्रांक 1051, दिनांक 22 नवम्बर, 2011 द्वारा आधारभूत संरचना, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना को भेजा गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पुनः इस आशय का प्रस्ताव नालन्दा जिला भू-अर्जन पत्रांक 514, दिनांक 9 जून, 2012 द्वारा विभागीय प्रधान सचिव, पटना को भेजा जा चुका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार परवलपुर में प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय हेतु भूमि अधिग्रहण करना चाहती है, हाँ, तो, कबतक, नहीं, तो-क्यों ?

---

राशि देना

*2487. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला अन्तर्गत पी०बी० तटबंध के टीरी मगड्वा, डुमरी, रहमानुपुर लहनही गाँव के किसानों का वर्ष 2003-05 भारी वर्षा का बाँध निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा आजतक नहीं मिला है;

(2) क्या यह बात सही है कि भाड्वा, लहनही, रहमानपुर, पिपराही प्रखंड के प्रसाद चौहान भरन तीर्थ, आदी लोगों को भू-अर्जन का पैसा पाने का नोटिस वर्ष 2004 में मिलने के बाद भी आजतक पैसा नहीं मिल सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाँध निर्माण प्रभावित किसानों के जमीन के भू-अर्जन वाले राशि को देना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दिशा-निर्देश देना

*2488. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार राजस्व वसूली हेतु भूमि लगान मालगुजारी में प्रत्येक वर्ष बढ़ोतरी कर रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी अंचलों में हल्का कर्मचारी 10 वर्षों का लगान वर्ष 2012-13 में निर्धारित दर पर वसूल कर रहे हैं, जबकि वर्षवार निर्धारित लगान दर पर राजस्व की वसूली की जानी चाहिए;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्षवार निर्धारित दर पर भूमि लगान मालगुजारी वसूल कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़कों का निर्माण

*2489. श्री संतोष कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाले उत्तर बिहार की सबसे बड़ी आर्थिक मंडी, गुलाबबाग बाजार समिति में सड़कों की स्थिति अत्यन्त जर्जर है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गुलाबबाग बाजार समिति के अन्तर्गत आने वाले सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अभाव दूर करना

*2490. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत काशीचक प्रखण्ड के ग्राम-मधेपुर में जलस्तर काफी नीचे रहने से पेयजल का घोर अभाव है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पानी का अभाव दूर करने का विचार रखती है ?

--------

जाँच कराना

*2491. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 20 जून, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''पूर्णियाँ में 6 करोड़ का फर्जीवाड़ा'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला में सक्रिय 163 पैक्सों ने 398 किसानों से 6 करोड़ रुपये मूल्य का 4524.451 मीट्रिक टन गेहूँ, मई, 2012 में खरीदा;

(2) क्या यह बात सही है कि किसानों को 6 करोड़ रुपये के स्थान पर मात्र 1.92 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया;

(3) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ, जिलाधिकारी ने इस भुगतान पर संदेह व्यक्त करते हुए सहकारिता विभाग और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को अपना प्रतिवेदन जुलाई, 2012 में भेजा है;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्णियाँ जिला में गेहूँ की खरीद की उच्च स्तरीय जाँच कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2492. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने विभागीय परिपत्र संख्या 473 (एस०), दिनांक 31 नवम्बर, 2009 द्वारा प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ मंगलवार को राज्य के सभी अंचलों में राजस्व शिविर आयोजित कर मामलों का त्वरित निष्पादन कराने का निर्देश सभी समाहर्ताओं को दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के ढाका एवं घोड़ासहन में विगत दो वर्षों से राजस्व शिविर का आयोजन नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्धारित दिन को राजस्व शिविर आयोजित नहीं करने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नाले की उड़ाही

*2493. श्री अशोक कुमार सिंह-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत् हनुमाननगर, कंकड़बाग, एम०आई०जी० 127 से एम०आई०जी० 136 के बीच का नाला विगत एक वर्षों से जाम है, जिससे आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त नाले की उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

------------

पदस्थापन करना

*2494. श्रीमती सुजाता देवी-- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत प्रखंड पिपरा के अंचलाधिकारी का पद वर्ष 2012 से रिक्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अंचलाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है ?

------------

जाँच कराना

*2495. श्रीमती पुनम देवी-- क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कृषि विभागान्तर्गत माप-तौल शाखा में नियंत्रक का पद है जो पूरे राज्य के शाखाओं पर नियंत्रण रखते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि नियंत्रक के अधीन राज्य के सभी जिलों में माप-तौल पर नियंत्रण रखने हेतु जिला माप-तौल पदाधिकारी पदस्थापित हैं, जो समय-समय पर अपने अधीन के छोटे-बड़े दुकानदारों के काँटा एवं वजन का निरीक्षण कर निगरानी रखते हैं;

(3) यह बात सही है कि पटना जिला माप-तौल पदाधिकारी द्वारा संबंधित दुकानों में बाट (बटखाड़ा) का निरीक्षण नहीं किया जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*2496. श्री भाई वीरेन्द्र-- क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बिहटा प्रखंड स्थित भारत के प्रथम राष्ट्रपति स्व० डॉ० राजेन्द्र प्रसाद के गोवंश कल्याण के नाम से राजेन्द्र गोकुल गोशाला दिलावपुर में अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गोशाला की भू-खंड को हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि० को विगत वर्ष लीज पर 30 वर्षों के लिए बन्दोबस्ती सरकार द्वारा की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुमंडल पदा०, दानापुर सह-अध्यक्ष के पत्रांक 21, दिनांक 29 जनवरी, 2009 के निर्णय के आलोक में राजेन्द्र गोकुल गोशाला की अस्तित्व को अक्षुण्ण रखने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण कराना

*2497. श्री संजय सिंह टाईगर-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत संदेश प्रखंड के अखगाँव में बाजार है, जहाँ जलमीनार नहीं है जिसके कारण जलापूर्ति में आम लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर जलमीनार का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुहैया कराना

*2498. श्री कुमार शैलेन्द्र-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के खरीक बाजार, तेलघी, लोकमानपुर, भवनपुरा, ढेढ़िया-दादपुर की आबादी दस हजार से अधिक है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों में जलमीनार नहीं रहने के कारण आमलोगों को शुद्ध जल नहीं मिल पाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में जलमीनार बनाकर शुद्ध जल मुहैया कराने का विचार रखती है ?

------------

पक्कीकरण कराना

*2499. मो० आफाक आलम-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसबा नगर पंचायत के महावीर चौक से बुचर टोला होते हुए सुनील वर्फ फैक्ट्री के बीच रोड पक्की नहीं रहने से आवागमन में असुविधा होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क को जनहित में पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

जीर्णोद्धार कराना

*2500. श्री रत्नेश सादा-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत कहरा कुट्टी वार्ड नं० 6 में एक विशाल पोखर विगत 20 वर्षों से अवस्थित है ज काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण जगह-जगह से मिट्टी एवं रोड़े तालाब में गिरकर भर रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तालाब पर लगभग 20 हजार से अधिक की आबादी छठ एवं अन्य पर्वों पर पूजा-अर्चना के लि एकत्रित होते हैं;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में उक्त पोखर की उड़ाही कराते हुए पोखर का जीर्णोद्धार कबत कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नाला का निर्माण

*2501. श्री ललित कुमार यादव-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के कंकड़बाग में योगीपुर सम्प हाउस से भूतनाथ रोड तक वर्ष 2008-09 में नगर विक विभाग योजनान्तर्गत पी०सी०सी० सड़क का निर्माण किया गया है, परन्तु सम्प हाउस के मुख्य नाला के दोनों तरफ के पी०सी०सी० सड़क किनारे बने घरों का जल निकासी हेतु अभीतक नाला का निर्माण नहीं हो सका है, जिसके कारण बरसात के दिनों में काफी जल-ज हो जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस संबंध में माननीय नेता विरोधी दल, बिहार विधान-सभा ने पत्रांक 405 का०/12, दिनांक 19 2012 द्वारा प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को पत्र लिखे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में जल निकासी हेतु नाला का निर्माण कराना चाहत हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

* 2502. श्री राम सेवक सिंह––क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान–सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नगर पंचायत, मीरगंज के भवन निर्माण हेतु तत्कालीन नगर विकास मंत्री श्री अश्वनी कुमार चौबे द्वारा 2007 में शिलान्यास किया गया तथा विभाग द्वारा भवन निर्माण हेतु 28,00,000 (अठाईस लाख रुपया) का आवंटन भी करा दिया गया है, लेकिन भवन का निर्माण अभीतक नहीं हो पाया है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नगर पंचायत, मीरगंज के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच कराना

* 2503. श्री छोटेलाल राय––क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत इसलामपुर थाना नं0 102, खाता नं0 126, प्लॉट नं0 01 (एक), मौजा मोबारकपुर का सर्वे नक्शा सन् 1908 एवं सन् 1909 के अनुसार 47 एकड़ का एक प्लॉट है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचलाधिकारी, इसलामपुर ने अपने पत्रांक 108, दिनांक 30 जनवरी, 2013 के द्वारा माँगा गया (आर0टी0आई0) के जवाब में इसलामपुर थाना नं0 102, खाता नं 126, प्लौट नं0 01 (एक), मौजा मोबारकपुर का पंजी ii (2) के अनुसार भी 47 एकड़ है जिसमें 11 रैयतों का जमाबन्दी चल रही है ;

(3) क्या यह बात सही है कि अपर समाहर्ता नालन्दा का पत्रांक 2473, दिनांक 26 जुलाई, 2012 के द्वारा इसलामपुर थाना नं0 102, खाता नं0 126, प्लॉट नं0 01 (एक), रकबा 47 एकड़ को अपने जाँचोपरान्त 47 डि0 (डिसमिल) कर दिया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उच्चस्तरीय जाँच कराने का विचार रखती है ?

---

अतिक्रमण से मुक्ति

* 2504. श्री चन्द्रशेखर––क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ अंचल के हरिश्चन्द्र नगर वार्ड नं0 30 की आम जनता द्वारा दिनांक 10 मई, 2011 को सिपारा मौजा अन्तर्गत हरिश्चन्द्र नगर के कोनहारा पर अवस्थित लगभग चार बीघा गैर–मजरूआ आम जमीन की नापी कराकर अतिक्रमण से मुक्त कराने हेतु दिये गये आवेदन पर माननीय मंत्री, राजस्व द्वारा दिनांक 14 जून, 2011 को एवं विभागीय पत्रांक 728 (6), दिनांक 16 जून, 2011 द्वारा समाहर्ता, पटना को जाँचकर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि राजस्व विभाग के उक्त आदेश पर समाहर्ता द्वारा उक्त करोड़ों रुपये की जमीन की नापी अबतक नहीं करायी गयी है और न ही अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त करोड़ों रुपये के गैर–मजरूआ आम जमीन की नापी कराकर उसे अतिक्रमण से मुक्त कराना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

* 2505. श्री चितरंजन कुमार––क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर अंचल में विगत सात महीने से अंचलाधिकारी नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कलेर अंचल में अंचलाधिकारी नहीं रहने के कारण से सरकार को राजस्व की क्षति एवं किसानों को जमीन संबधी कार्य कराने में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कलेर अंचल में अंचलाधिकारी प्रतिनियुक्त करना चाहती है, यदि, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

तालाबों की उड़ाही

*2506. श्रीमती रंजू गीता—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखण्ड के मधुबन, बसहा (पश्चिमी) पंचायत के ग्राम बसहा मे तीन तालाब क्रमशः 05 एकड़, 03 एकड़ एवं 02 एकड़ का है, नानपुर प्रखण्ड के कोचली गाँव में 35–40 एकड़ का एक तालाब और बोखड़ा प्रखण्ड के बनौल में 45–50 एकड़ का तालाबों की उड़ाही विगत 50 वर्षों में नहीं हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उड़ाही नहीं होने के कारण ऊपर वर्णित तालाबों मे मछली पालन साथ ही पशुओं के पीने के लिए जल पर्याप्त मात्रा में नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में कबतक वर्णित तालाबों की उड़ाही एवं सौन्दर्यीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भुगतान कराना

*2507. श्री अवधेश कुमार राय—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के दर्जनों पैक्स गेहूँ अधिप्राप्ति का चेक किसानों को जून–जुलाई, 2012 में ही कर दिया, परन्तु पैक्स की एस0एफ0सी0 छः माह से अभीतक राशि नहीं दिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय के बछवाड़ा प्रखण्ड के कादराबाद पैक्स को एस0एफ0सी0, बेगूसराय जिला द्वारा बुक नं0 4473, भाउचर नं0 13, दिनांक 11 जून, 2012 से 851,652 रु0 का इन्फोर्समेन्ट तथा रानी पैक्स को बुक नं0 4473, भाउचर नं0 26, दिनांक 28 जुलाई, 2012 से 403012 रु0 का इन्फोर्समेन्ट किये जाने के बाद भी राशि अभीतक नहीं दिये गये, जबकि इन पैक्सों के बाद इन्सोर्समेन्ट भेजने को भुगतान कर दिया गया है, यदि हां, तो सरकार इसकी जाँच कराकर सूद सहित भुगतान कराने का विचार रखती है ?

---

पानी टंकी का निर्माण

*2508. श्री हरिनारायण सिंह—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हरनौत प्रखण्ड के ग्राम पंचायत तेलमर के ग्राम–तेलमर की जनसंख्या लगभग 7–8 हजार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 7–8 हजार जनसंख्या वाले गाँव में पेयजल सुविधा मुहैया कराने हेतु पानी टंकी का निर्माण कराने का प्रावधान है, यदि हां, तो सरकार ग्राम–तेलमर में पेयजल पानी टंकी निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

समुचित विकास करना

*2509. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत घोड़ासहन प्रखंड कुरीनिया माता मंदिर तथा चिरैया प्रखंड का गौरेया बाबा मंदिर सिद्ध पीठ है तथा हिन्दू समाज के आस्था के केन्द्र के रूप मे स्थापित है, जहां सप्ताह में दो दिन बड़ा मेला लगता है तथा चढ़ावा चढ़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कुरीनिया माता मंदिर एवं गोरैया बाबा मंदिर का रख–रखाव व्यवस्थित न होने से श्रद्धालुओं को काफी परेशानी उठानी पड़ती है तथा मंदिर का विकास भी अवरुद्ध हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुरीनिया माता मंदिर एवं गोरैया बाबा मंदिर को धार्मिक न्याय परिषद् के अधीन लेने तथा मंदिर परिसर का समुचित विकास करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

सौंदर्यीकरण कराना

*2510. श्री जाकिर हुसैन खाँ—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिले के नगर परिषद्, अररिया में चांदनी चौक के निकट कारगिल पार्क अवस्थित है, जो जीर्ण–शीर्ण स्थिति मे है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पार्क का जीर्णोद्धार कराते हुये सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कराना

*2511. श्री विक्रम कुँवर —क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2011–12 में खाद्य निगम के द्वारा बाहर से करीब 62 लाख बोड़ा प्रति 32 रु० की दर से खरीदा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बोड़ा का दाम अपने राज्य में प्रति बोड़ा 15–20 रुपये तक ही बेचा जाता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि इसमें निगम द्वारा करीब करोड़ रुपये खर्च दिखाया गया है, जिसकी जाँच हेतु प्रश्नकर्त्ता सदस्य ने अक्टूबर, 2012 में विभागीय सचिव को पत्र दिया था, जिसपर आजतक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उपलब्ध कराना

*2512. श्री नौशाद आलम—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के जूट उत्पादक कृषकों को अनुदानित मूल्य पर बीज उपलब्ध कराई जाती थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस वर्ष जूट बुआई का समय आरंभ हो गया है, लेकिन सरकार की ओर से अनुदानित मूल्य पर बीज नहीं दिया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किशनगंज जिला के जूट उत्पादक कृषकों को अनुदानित मूल्य पर बीज उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

खोलने का विचार

*2513. श्री कृष्णनन्दन यादव—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला में कृषि महाविद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस क्षेत्र में कृषि महाविद्यालय नहीं होने से इस क्षेत्र के बच्चे कृषि की शिक्षा से वंचित रह जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गया जिला में एक कृषि महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विधि–सम्मत कार्रवाई

*2514. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी—क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि श्री लियकत अली, पूर्व प्रबंधक (पी०पी०), भारतीय खाद्य निगम, बक्सर वर्तमान में भारतीय खाद्य निगम, हाथरस ने श्री राजेश्वर सिंह पैक्स अध्यक्ष, ग्राम–उत्तमपुर, पो०–हेतुआ, थाना–राजपुर, जिला–बक्सर के विरुद्ध किसानों से धान क्रय करने में 1, 28, 150 रु० के गबन करने का आरोप लगाया है और इसकी सूचना प्रधान सचिव, गृह विभाग को देते हुए उसकी एक प्रति प्रश्नकर्त्ता सदस्य को भी दी है, जिसे पत्रांक 277 का०/11, दिनांक 7 दिसम्बर, 2011 एवं पत्रांक 1016 का०/12, दिनांक 20 दिसम्बर, 2012 द्वारा प्रधान सचिव, सहकारिता विभाग को जाँच एवं विधि–सम्मत कार्रवाई हेतु भेजा गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो श्री राजेश्वर सिंह के विरुद्ध अभीतक कौन–सी कार्रवाई की गयी, यदि नहीं, तो क्यों ?

सुविधा उपलब्ध कराना

*2515. श्री केदार नाथ सिंह—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा नगर परिषद् की आबादी पाँच लाख है लेकिन वहां के नागरिकों हेतु मूलभूत सुविधा यथा सफाई, नाला, बिजली एवं पानी का अभाव है, जिससे उन्हें कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार छपरा नगर परिषद् में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---

स्थापित करना

*2516. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली एवं मांझा प्रखंडों में मिट्टी जाँच की प्रयोगशाला नहीं रहने के कारण आम किसानों को खेती करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन दोनों प्रखंडों में मिट्टी जाँच की प्रयोगशाला शीघ्र स्थापित करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

"ऑन–स्पॉट" भुगतान

*2517. श्री प्रेम रंजन पटेल—हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 9 फरवरी, 2013 के अंक में प्रकाशित शीर्षक " छोड़ो सरकार से यारी, आए बाहर से व्यापारी ," के आलोक में क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने सभी तरह के धान की खरीद के लिये अधिकतम 1280 रुपये का मूल्य निर्धारित किया है जबकि दूसरे प्रदेशों के अनाज व्यापारी उन्नत किस्म के धान जैसे मंसूरी, बी०डी० 52 और कतरनी प्रजातियों के धान डेढ़ हजार रुपये क्विंटल की दर से नकद में खरीद रहे हैं ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्य में उन्नत किस्म के धान का मूल्य बढ़ाने और उनका भुगतान "ऑन–स्पॉट" करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

व्यवस्था करना

*2518. श्री गजानन्द शाही—क्या मंत्री, पशु एव मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत बरबीघा गौशाला का निर्माण वर्ष 1950 में किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गौशाला में 100 से 125 गया, भैंस आदि रखने की समुचित व्यवस्था थी ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त गौशाला के 15 वर्षों से जर्जर होने के कारण गौशाला खंडहर हो गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गौशाला का पुनर्निर्माण कर खंड (2) में वर्णित जानवरों का समुचित ढंग से रखने की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

केन्द्र खोलना

*2519. श्री रामसेवक सिंह—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के प्रखंड उचका गाँव में कोई भी बीज उत्पादन केन्द्र नहीं है, जिससे किसानों को बाहर से आने वाली बीजों पर आधारित रहना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड उचका गाँव में गेहूँ, धान, आलू की खेती अधिक होती है, परन्तु इनके उन्नत बीज का उत्पादन प्रखंड उचका गाँव में नहीं होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त बीज के उत्पादन हेतु उचका गाँव के प्रखंड में बीज उत्पादन केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जलापूर्ति बहाल करना

* 2520. श्री नौशाद आलम——क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज नगर पंचायत अन्तर्गत तीन वर्ष पूर्व ही जलमीनारों का निर्माण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त जलमीनारो को अबतक नगर पंचायत को नहीं सौंपा गया है एवं जलापूर्ति बहाल नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त जलमीनार से सुचारू रूप से जलापूर्ति बहाल करते हुए इसे नगर पंचायत को सौंपने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

हस्तानांतरित कराना

* 2521. श्री प्रमोद कुमार——स्थानीय हिन्दी दैनिक में दिनांक 23 फरवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक "नामांकन पर लगी रोक का विरोध" के आलोक में क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी मुख्यालय के निकट केन्द्रीय विद्यालय, मोतिहारी के लिए 5 एकड़ भूमि हस्तानांतरण प्रस्ताव के अभिलेख संख्या 01/2010–11 तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त के पत्रांक 5088, दिनांक 01 जुलाई, 2010 एवं केन्द्रीय विद्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय, कंकड़बाग के पत्रांक 11361–12, दिनांक 14 सितम्बर, 2012 एवं केन्द्रीय विद्यालय, मोतिहारी के पत्रांक 30067, दिनांक 24 सितम्बर, 2012 के आलोक में समाहर्ता, पूर्वी चम्पारण के पत्रांक 209, दिनांक 13 अक्टूबर, 2012 द्वारा स्वीकृति हेतु भेजा गया है ;

(2) यदि खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार 5 एकड भूमि जिला समाहर्ता के प्रस्ताव के आलोक में हस्तानांतरित कराने का विचार सरकार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

लक्ष्य की पूर्ति

* 2522. श्री इजहार अहमद——स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 29 अक्टूबर, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "निर्मल बनेंगे 700 (सात सौ) गाँव" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में 139 नगर निकायों के खाते के विकास मद में 647.40 करोड़ रुपये पड़े हुए हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित राशि के रहते हुए शहरवासियों को खराब सड़क, जल–जमाव, सड़कों के गलियों में अंधेरा आदि की समस्याओं से जूझना पड रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि नगर विकास विभाग ने दिसम्बर, 2012 तक उक्त राशि को खर्च करने का लक्ष्य सरकार द्वारा निर्धारित किया था ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो आजतक शेष बची राशि के निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

आवंटित करना

* 2523. श्री अरूण कुमार सिन्हा——क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार, विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, पूर्णियाँ, कटिहार, किशनगंज, अररिया, नालन्दा, सारण, मुंगेर, भागलपुर एवं शेखपुरा जिला के राजस्व/सर्वे मानचित्रों के 7 करोड़ रुपये राज्य उदव्यय से 100 प्रतिशत शुद्ध डिजिटाईज्ड मानचित्र के आधार पर एजेंसी का चयन किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अगस्त, 2012 में यथा ऊपर वर्णित एवं अन्य 10 जिलों डिजिटाईजेशन के लिए निदेशक, भू–अभिलेख, बिहार द्वारा पूर्व निविदा की शर्तों को हटाकर एवं 5 प्रतिशत त्रुटि की छूट देते हुए माईक्रोनेट सौलूशन, नागपुर इन्फोटेक इन्टरप्राईजेज, हैदराबाद एवं आई0एल0 एण्ड एफ0एस0, दिल्ली को स्वीकृत किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन स्वीकृत एजेन्सियों का कार्यादेश रद्द करते हुए अप्रैल, 2010 में प्रकाशित निविदा के आलोक में 100 प्रतिशत शुद्ध नमूना प्रस्तुत करने वाले एजेन्सी को कार्य आवंटित करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

* 2524. श्री भाई वीरेन्द्र––क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दीघा विधान–सभा क्षेत्र के अधीन वार्ड नं0 1, के यदुवंशीनगर, अम्बेदकर कॉलोनी, दीघा पोस्ट ऑफिस, पाटलिपुत्रा कॉलोनी, दीघा जमाखारिज, हरिपुर कॉलोनी, माईका कॉलोनी,आदर्श कॉलोनी, जयप्रकाश नगर आदि क्षेत्रों में जल निकासी की स्थाई व्यवस्था के अभाव में सालों भर घरों का पानी कच्ची–पक्की सड़कों पर गिरता है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वार्ड नं0 01 के उपरोक्त मोहल्लों के लिए जल एवं मल निकासी हेतु पक्का भू–गर्भीय नाला निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

शौचालय का निर्माण

* 2525. श्री अशोक कुमार सिंह––क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत नगर पंचायत, रफीगंज है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नगर पंचायत, रफीगंज मे सामुहिक शौचालय नही रहने से आम नागरिकों को असुविधा होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार रफीगंज नगर पंचायत मे सामुहिक शौचालय निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 2526. श्रीमती रंजु गीता––क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही हैं कि सीतामढ़ी जिले सहित तमाम बिहार राज्य के किसानों के लिए 50 प्रतिशत अनुदान देकर गोदाम बनाने की सरकार की योजना है, जिससे किसान लाभान्वित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोदाम बनाने के इस्टीमेट मे सीमेन्ट का दर 161 रु0 प्रति बैग और ईंट का दर 4200 निर्धारित की गई है जो बाजार भाव से काफी कम है जिससे किसान इस योजना का लाभ नही उठा पा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्धारित की दर के सुधार हेतु कौन–सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उपलब्ध कराना

* 2527. श्री रामदेव महतो––क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के पंडौल प्रखण्ड अन्तर्गत जमसम एवं रहिका प्रखण्ड अन्तर्गत बलिया गाँव में ग्रामीण पेयजल योजना के तहत बोरिंग गाड़ा गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि टावर बनाकर गाँव में पाइप लाइन भी बिछा दिया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त बोरिंग के चालू नहीं करने के कारण ग्रामीण को स्वच्छ जल उपलब्ध नही हो पा रहा है ;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक बोरिंग चालू कराकर स्वच्छ जल उपलब्ध कराना चाहती है, यदि नही, तो क्यो ?

---

अंचल में जोड़ना

* 2528. श्री श्यामदेव पासवान––क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखण्ड के मतासो पंचायत का ग्राम मतासो 01, पोवा फतेहपुर प्रखण्ड में पड़ता है, जबकि उसका अंचल टनकुप्पा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मतासो एवं पोवा तावों के प्रखण्ड और अंचल अलग–अलग रहने के कारण ग्रामवासियों को अपने कार्यों के निष्पादन में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो क्या सरकार ग्राम मतासो एवं पोवा गाँव को फतेहपुर अंचल में जोड़ने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निजात दिलाना

*2529. श्री दाउद अली : क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव सेन्ट्रल नाला से शहर के गंदे पानी का बहाव पश्चिम से पूर्व एवं उत्तर से दक्षिण की ओर काव नदी में होता है, जिसकी उड़ाही नहीं होने से स्थिति जीर्ण शीर्ण है, यदि हां, तो क्या सरकार मास्टर प्लान बनाकर डुमरांव शहरवासियों को गंदगी से निजात दिलाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्य प्रारम्भ कराना

*2530. श्री राणा गंगेश्वर सिंह : क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के पशुपालन विभाग ने अपने अधिसूचना संख्या 2255, दिनांक 24 अगस्त, 2012 द्वारा राज्य के पशुओं के व्यापक हित में तीन सौ नये प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय खोलने की स्वीकृति प्रदान की है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नये प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय का अबतक कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है, यदि हां, तो सरकार उक्त तीन सौ नये प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालयों का कार्य कबतक प्रारम्भ कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

अंकेक्षण कराना

*2531. श्री विजय कुमार सिन्हा : क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत कृषि विभाग का वित्तीय वर्ष 2008 से 2012 तक लेखा का अंकेक्षण महालेखाकार द्वारा नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लखीसराय जिलान्तर्गत कृषि विभाग का अंकेक्षण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

मास्टर प्लान तैयार करना

*2532. श्री जय कुमार सिंह : स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 6 जनवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक '' आ रहा है शहरों का मास्टर प्लान'' के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने राज्य के 55 शहरों का मास्टर प्लान बनाने का निर्णय लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अगले तीस साल तक शहर में आबादी बढ़ने वाले दबाव एवं सुविधाओं के आकलन करते हुए इसे अंतिम स्थल दिया जाना है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक इन शहरों का मास्टर प्लान एवं डी०पी०आर० तैयार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

निर्माण कराना

*2533. श्री रामायण मांझी : क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत दरौली प्रखण्ड मुख्यालय में बैंक, प्रखण्ड, अंचल थाना, कार्यालय संस्था अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि यहां जलमीनार नहीं रहने के कारण आम लोगों को जलापूर्ति में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दरौली प्रखण्ड मुख्यालय में एक जलमीनार का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*2534. श्री मंजीत कुमार सिंह– दैनिक समाचार-पत्रों में दिनांक 10 जनवरी, 2013 को छपे खबर " हजम कर गये शौचालय तक का पैसा, व सूने की मैला है निर्मल भारत अभियान" शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा, बिहार शरीफ, हिलसा में 46.7 लाख रु०, मधुबनी मनीगाछी में 11 लाख, पूर्णियां में 2.45 लाख, मुंगेर में 2 लाख, मधेपुरा में 68 लाख, वैशाली में 5.25 लाख रुपये बिना शौचालय निर्माण के ही राशि निकासी कर राशि की घोटाला कर ली गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला में जाली भाउचर से 2 लाख तथा भोजपुर में शौचालय निर्माण के नाम पर झूठा उपयोगिता प्रमाण-पत्र, जहानाबाद, नवादा में निर्माण में गड़बड़ी, बांका में कनीय अभियंता के द्वारा सीमेन्ट की बिक्री कर शौचालय निर्माण में फर्जीवाड़ा की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो निर्मल भारत अभियान के राशि में अनियमितता पर दोषी पदाधिकारियों पर सरकार कौन-सी कार्रवाई कबतक, करना चाहती है ?

केन्द्र खोलना

*2535. श्री जनार्दन मांझी – क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत चौंसी प्रखण्ड के कुड़रों पंचायत के सिगेश्वरी ग्राम में पशु चिकित्सा केन्द्र नहीं रहने से उक्त ग्रामवासियों को अपने मवेशियों का चिकित्सा कराने 10 कि०मी० दूर प्रखण्ड मुख्यालय में आना पड़ता है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार जनहित में कबतक उक्त ग्राम में पशु चिकित्सा केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्थानान्तरित करना

*2536. श्री केदार नाथ सिंह – क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मशरख प्रखण्ड स्थित व्यापार मंडल भवन में निबंधन कार्यालय वर्ष 2012 से कार्यरत है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त व्यापार मंडल में निबंधन कार्यालय रहने की स्थिति में व्यापार मंडल का कार्य बाधित हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में व्यापार मंडल से निबंधन विभाग के कार्यालय को अन्यथा स्थानान्तरित कर रिक्त करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

शेडों का निर्माण

*2537. श्री मनोहर प्रसाद सिंह – क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड के मनिहारी गंगाघाट पर छठ नहान के समय, शिवरात्रि, माघी पूर्णिमा, सावन के महीने में गंगा स्नान करने, सावन का जल उठाने के लिए भारी भीड़ होती है और इसमें महिलाओं की संख्या बहुतायत होती है, जिसके द्वारा यत्र-तत्र शौच करने से पर्यावरण प्रदूषित होता है, यदि हां, तो सरकार कबतक उनके लिए शौचालय और कपड़े बदलने के लिए शेडों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### नियुक्ति करना

*2538. <u>श्री सुबोध राय</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सुल्तानगंज नगर परिषद् में विगत 6 माह से पूर्णकालिक कार्यपालक पदाधिकारी प्रभार में नहीं हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक पदाधिकारी नहीं रहने के कारण सुल्तानगंज नगर परिषद् को अपना नगर विकास संबंधी कार्य सम्पादन और योजनाओं के कार्यान्वयन में काफी दिक्कतें हो रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, क्या सरकार कबतक पूर्णकालिक कार्यपालक पदाधिकारी की नियुक्ति सुल्तानगंज नगर परिषद् में करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### नक्शा उपलब्ध कराना

*2539. <u>श्री कृष्णनन्दन पासवान</u>--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत जिला मुख्यालय में वर्ष 2005-06 से किसी भी अंचल का मौजावार नक्शा उपलब्ध नहीं है, जिसे आमजनों को काफी परेशानी हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिला मुख्यालय में मौजावार नक्शा उपलब्ध नहीं रहने के कारण सभी अंचलों में जमीन की मापी में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिला मुख्यालय में सभी अंचलों का मौजावार नक्शा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

### पुन: खोलना

*2540. <u>श्री गोपालजी ठाकुर</u>--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला सहकारिता बैंक लि०, लहेरियासराय 18 जुलाई, 2003 को रिजर्व बैंक द्वारा बन्द कर दिया गया, जिससे किसानों को कृषि ऋण मिलने में काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जिला सहकारी बैंक, दरभंगा को पुन: खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

### स्थापना हेतु कार्रवाई

*2541. <u>श्री राजेश्वर राज</u>--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा अंचलान्तर्गत भलुनी धाम के मौजा भलुनी, थाना नं० 68, खाता नं० 295 में खेसरा सं० 2056 में 18.76 एकड़, 2039 में 6.20 एकड़ भूमि जंगल किस्म तथा खेसरा सं० 2073 में 0.56 एकड़ कुल भूमि 25.52 एकड़ जंगल किस्त की भूमि खतियान में अनाबाद सर्वसाधारण दर्ज है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समाहर्ता, रोहतास के पत्रांक 1035, दिनांक 16 जुलाई, 2012 द्वारा प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना से उक्त जमीन पर जैविक उद्यान बनाने हेतु अनुशंसा की गई थी, जो अभीतक लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भूमि पर जैविक उद्यान की स्थापना हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

व्यवस्था कराना

*2542. <u>श्री अशोक कुमार</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर से प्रत्येक दिन पाँच हजार क्यूसेक सिवरेज का गंदा पानी बगैर ट्रीटमेंट के पवित्र गंगा नदी में छोड़ा जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शहर में सात स्थानों में ऐसे गंदे पानी का ट्रीटमेंट उपरान्त ही उपयुक्त स्थानों में छोड़ने का प्रावधान है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गंदा पानी को अन्यत्र विसर्जित कराने की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

--------

पटना :
दिनांक 14 मार्च, 2013 (ई०) ।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु०(स०प्र०), 255-डी०टी०पी०-450